पंजाब केसरी
SAT,06 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# जीवन में लक्ष्य का करें निर्धारण, हमेशा सोचें बड़ा: प्रो. सुदेश



नुक्कड़ नाटक में प्रथम टीम को सम्मानित करते हुए प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)

गोहाना, 5 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नव आगंतुकों छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक इंडक्शन (छात्रा-अभिप्रेरण) कार्यक्रम में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने छात्राओं और शिक्षकों से संवाद किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव रहे और अध्यक्षता प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने की।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि अपने बच्चों से माता-पिता को बहुत उम्मीद होती है उनके बहुत सारे सपने होते हैं, जिनको पूरा करना बच्चों का दायित्व होना चाहिए। सबसे पहले जीवन में अपने लक्ष्य का निर्धारण करें। हमेशा बड़ा सोचें। छात्राएं हमेशा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। मन में हमेशा जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए। विद्यार्थी जीवन का पहला ध्येय ज्ञान अर्जित करने का होना चाहिए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि ब्रांड बिल्डिंग से नहीं बनती, ब्रांड बनती है विद्यार्थी और शिक्षक के अथक प्रयास से। शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को सिखाने के लिए तत्पर रहे। वी.सी. ने नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम टीम को भी सम्मानित किया।

प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को विश्वविद्यालय एंटी रैगिंग, छात्रावास और अन्य नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रो. श्वेता सिंह और डॉ. श्रीलेखा चौबे भी मौजूद रहीं।

# विद्यार्थी व शिक्षक के अथक प्रयास से बनती है ब्रांड



विजेता टीम को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

गोहाना, 5 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नव आगंतुकों छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक इंडक्शन (छात्रा-अभिप्रेरण) कार्यक्रम में आज शिक्षक दिवस संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं व शिक्षकों से संवाद किया। मंच संचालन डॉ. श्रीलेखा चौबे का रहा तथा विशिष्ट अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शिरकत की। कुलपति ने कहा कि सबसे पहले जीवन में अपने लक्ष्य का निर्धारण करें। हमेशा बड़ा सोचें। मन में हमेशा जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए। विद्यार्थी जीवन का पहला ध्येय ज्ञान अर्जित करने का होना चाहिए। कुलपति ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रांड बिल्डिंग से नहीं बनती, ब्रांड बनती है विद्यार्थी व शिक्षक के अथक प्रयास से। इस अवसर पर कुलपति ने नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली टीम को भी सम्मानित किया। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने छात्राओं से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना रास्ता आप चुने। प्रॉक्टर प्रो. इप्शिता बंसल ने छात्राओं को विश्वविद्यालय एंटी रैगिंग, छात्रावास व अन्य नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

# जीवन में लक्ष्य का करें निर्धारण, हमेशा सोचें बड़ा




गोहाना मुद्रिका, 5 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में नव आगंतुकों छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक इंडक्शन (छात्रा-अभिप्रेरण) कार्यक्रम में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने छात्राओं और शिक्षकों से संवाद किया। विशिष्ट अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो शिवालिक यादव रहे और अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुषमा जोशी ने की।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि अपने बच्चों से माता-पिता को बहुत उम्मीद होती है उनके बहुत सारे सपने होते है, जिनको पूरा करना बच्चों का दायित्व होना चाहिए। सबसे पहले जीवन में अपने लक्ष्य का निर्धारण करें। हमेशा बड़ा सोचें। छात्राएं हमेशा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। मन में हमेशा जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए। विद्यार्थी जीवन का पहला ध्येय ज्ञान अर्जित करने का होना चाहिए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि ब्रांड बिल्डिंग से नहीं बनती , ब्रांड बनती है विद्यार्थी और शिक्षक के अथक प्रयास से।शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को सिखाने के लिए तत्पर रहे।वी.सी. ने नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम टीम को भी सम्मानित किया।

प्रॉक्टर प्रो इप्शिता बंसल ने छात्राओं को विश्वविद्यालय एंटी रैगिंग , छात्रावास और अन्य नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रो. श्वेता सिंह और डॉ. श्रीलेखा चौबे भी मौजूद रहीं।

# मेहनत से जीवन में लक्ष्य पूरा करें : सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नव आगंतुक छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक छात्रा-अभिप्रेरण कार्यक्रम के साथ शिक्षक दिवस भी मनाया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश और विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें। लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें और उसे पूरा करने के पूरी मेहनत के साथ आगे बढें।

छात्राएं अपने मन में हमेशा कुछ नया सीखने की जिज्ञासा रखें। विद्यार्थी जीवन का पहला ध्येय ज्ञान अर्जित ही होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि ब्रांड बिल्डिंग से नहीं अपितु विद्यार्थी व शिक्षक के अथक प्रयास से बनती है।

कुलपति ने कहा कि शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को सिखाने के लिए तत्पर रहें। समारोह में नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता की विजेता टीम सम्मानित हुई। संवाद

# जीवन में लक्ष्य पूरा करने के लिए मेहनत करें : प्रो. सुदेश



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां के इंस्टिच्यूट ऑफ हायर लर्निंग में नव आगंतुक छात्राओं के लिए चल रहे साप्ताहिक छात्रा-अभिप्रेरण कार्यक्रम के साथ शिक्षक दिवस भी मनाया गया। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश और विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें। लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें और उसे पूरा करने के पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ें। छात्राएं अपने मन में हमेशा कुछ नया सीखने की जिज्ञासा रखें। विद्यार्थी जीवन का पहला ध्येय ज्ञान अर्जित ही होना चाहिए। कुलपति ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्रांड बिल्डिंग से नहीं अपितु विद्यार्थी व शिक्षक के अथक प्रयास से बनती है। शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को सिखाने के लिए तत्पर रहें। समारोह में नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता की विजेता टीम सम्मानित हुई। कार्यक्रम में छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ. श्रीलेखा चौबे ने किया।

# SONEPAT VARSITY INKS PACT

**Sonepat:** A Memorandum of Understanding (MoU) was signed between Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV), Khanpur Kalan, Sonepat, and Haryana Knowledge Corporation Limited (HKCL). The MoU aims to empower students through IT and skill development training. It was signed in the presence of Vice-Chancellor Prof Sudesh, by University Registrar Prof (Dr) Shivalik Yadav and HKCL Managing Director and CEO, Abhijeet Kulkarni. Vice-Chancellor Prof Sudesh noted that the University was committed to equipping students with essential skills under the National Education Policy-2020. Through this collaboration, students would gain access to courses in IT and skill development while staying on campus. Kulkarni stated that training in IT and skill development remained the organisation's top priority, and assured that together, HKCL and the University would provide high-quality courses to build students' skills, confidence, and career opportunities. Present on the occasion were Prof Vijay Nehra, Prof Sanket Vij, Prof Ravi Bhushan, Dr Sandeep Dahiya, and Dr Sonal Beniwal from the University, along with HKCL officials Ashish Kumar (Programme Manager), Sunil Kumar, and Vikas Bishnoi (Business Analyst).